जेम संवाद

drishtiias.com/hindi/printpdf/gem-samvaad

प्रीलिम्स के लिये

जेम संवाद क्या है, संबंधित मंत्रालय का नाम, तथ्यात्मक पक्ष,

मेन्स के लिये

ई-गवर्नेंस में संदर्भ के रूप में इसका प्रयोग

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2019 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम 'जेम संवाद' का शुभारंभ किया।

उद्देश्य

इसका उद्देश्य देश भर में फैले हितधारकों के साथ-साथ स्थानीय विक्रताओं तक पहुँच सुनिश्चित करना या उनसे संपर्क साधना है, ताकि खरीदारों की विशिष्ट आवश्यकताओं एवं खरीदारी संबंधी ज़रूरतों को पूरा करते हुए गवर्नमेंट मार्केटप्लेस (जेम) से स्थानीय विक्रताओं को जोड़ने में आसानी हो सके।

प्रमुख बिंदु

- यह आउटरीच कार्यक्रम 19 दिसंबर, 2019 को शुरू हुआ।
- यह आउटरीच कार्यक्रम 17 फरवरी, 2020 तक जारी रहेगा और यह इस दौरान सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें कवर किया जाएगा।

लाभ

- राज्य सरकारों के विभिन्न विभाग एवं संगठन और सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम अपनी खरीदारी संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये जेम का उपयोग करते रहे हैं।
- राज्यों के विक्रेतागण भी इस पोर्टल का उपयोग कर राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद बाज़ार में अपनी पहुँच के ज़रिये लाभान्वित हो रहे हैं।

- 'जेम संवाद' के ज़रिये यह मार्केटप्लेस विभिन्न उपयोगकर्त्ताओं (यूज़र्स) से आवश्यक जानकारियाँ एवं सुझाव प्राप्त करने की आशा कर रहा है जिनका उपयोग इस पूरी प्रणाली में बेहतरी सुनिश्चित करने में किया जाएगा।

स्रोत: pib